Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________

(In words)

Test Booklet No.

J 1 7 1 0

Time : 2 $^1/_2$ hours] **PAPER-III** [Maximum Marks : **200**

MANAGEMENT

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **26**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   No Additional Sheets are to be used.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

MANAGEMENT

प्रबन्धन

PAPER – III

प्रश्नपत्र – III

Note : This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

नोट : यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों के उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

SECTION – I
खंड – I

Note : This section consists of **two** essay type questions of **twenty (20)** marks each, to be answered in about **five hundred (500)** words each. **(2 × 20 = 40 marks)**

नोट : इस खंड में **बीस–बीस** अंकों के दो निबन्धात्मक प्रश्न हैं । प्रत्येक का उत्तर लगभग **पाँच सौ (500)** शब्दों में अपेक्षित है । **(2 × 20 = 40 अंक)**

1. Define the term 'Training and Development'. Explain the importance and methods of training and development.
'प्रशिक्षण एवम् विकास' को परिभाषित करें । प्रशिक्षण एवम् विकास के महत्त्व एवम् तरीकों की व्याख्या करें ।

OR / अथवा

What are the major functions of a distribution channel ? Briefly explain each of them.
वितरण तन्त्र के मुख्य कार्य क्या-क्या हैं ? उन सबका संक्षिप्त में वर्णन करें ।

OR / अथवा

What are the different conflicting views on capital structure ? Describe the Modigliani and Miller theory on relationship between capital structure and value of firm.
पूँजी संरचना से सम्बन्धी विरोधाभासी मन्तव्य क्या-क्या हैं ? पूँजी संरचना एवं व्यापारिक संस्थान के मूल्य में सम्बन्ध के बारे में मोदीग्लियानी व मिलर सिद्धान्त का वर्णन कीजिए ।

OR / अथवा

What are the advantages and disadvantages of free international trade ? What is an infant industry argument in favour of trade protection ? Explain.
मुक्त अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के क्या लाभ व हानियाँ हैं ? व्यापार संरक्षण के पक्ष में बाल्य उद्योग तर्क क्या है ? व्याख्या करें ।

2. Explain the term 'Industrial Relations'. Discuss its importance.
औद्योगिक सम्बन्ध की व्याख्या करें । इसके महत्त्व की विवेचना कीजिए ।

OR / अथवा

What are the pricing methods ? Explain which pricing strategies are adopted for new products.
मूल्य निर्धारण के विभिन्न प्रकार क्या हैं ? नये उत्पादों के मूल्य निर्धारण रणनीतियों की व्याख्या कीजिए ।

OR / अथवा

Describe the important elements of forward contracts, futures and options. How can they be used as risk management tools ?
वायदा अनुबन्ध, भावी संविदा (फ्यूचर्स) तथा विकल्पों के महत्त्वपूर्ण तत्त्वों का वर्णन कीजिए । इनको जोखिम प्रबन्धन उपकरण के रूप में किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है ?

OR / अथवा

What do you mean by foreign exchange rate ? How this exchange rate is determined ? Briefly explain the main determinants of foreign exchange rate in India.
विदेशी विनिमय दर का तात्पर्य क्या है ? यह विनिमय दर कैसे निर्धारित होती है ? भारत में विदेशी विनिमय दर के मूल्य निर्धारक घटकों की व्याख्या कीजिए ।

SECTION – II
खंड – II

Note : This section contains **three (3)** questions from each of the electives/specializations. The candidate has to choose only one elective/specialization and answer all the three questions from it. Each question carries **fifteen (15)** marks and is to be answered in about **three hundred (300)** words. **(3 × 15 = 45 marks)**

नोट : इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **तीन (3)** प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनकर उसी के तीनों प्रश्नों का उत्तर देना है । प्रत्येक प्रश्न **पन्द्रह (15)** अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **तीन सौ (300)** शब्दों में अपेक्षित है । **(3 × 15 = 45 अंक)**

Elective – I
विकल्प - I

3. Explain the term 'Collective Bargaining'. Discuss the pre-requisite conditions for Collective Bargaining.
'सामूहिक सौदेबाजी' शब्द की व्याख्या करें । सामूहिक सौदेबाजी की पूर्व आवश्यकताओं की विवेचना कीजिए ।

4. What do you mean by workers participation in Management ? Discuss the conditions for its success.
प्रबन्ध में कर्मचारियों की सहभागिता से आपका क्या आशय है ? इसकी सफलता की अवस्थाओं की विवेचना कीजिए ।

5. Explain the concept of Industrial Conflict. Discuss the different causes of industrial conflicts.
औद्योगिक संघर्ष की विचारधारा की व्याख्या करें । औद्योगिक संघर्ष के विभिन्न कारणों की विवेचना कीजिए ।

OR / अथवा

Elective – II
विकल्प - II

3. What is services marketing ? In what ways it is different from marketing of tangible goods ?
सेवा विपणन क्या है ? यह मूर्त वस्तुओं के विपणन से किस तरह भिन्न है ?

4. What is "Psychographics" ? In which marketing context such a segmentation can be useful ?
'वर्णनात्मक मनोविज्ञान' क्या है ? विपणन के किस संदर्भ में ऐसा विभाजन लाभदायक हो सकता है ?

5. Discuss various methods of determining advertising budget ? Which method, according to you, uses the most logical approach ?
विज्ञापन बजट को निर्धारित करने के विभिन्न उपायों की व्याख्या कीजिए । आपके अनुसार कौन सा उपाय इस दिशा में तर्क संगत दृष्टिकोण को अपनाता है ?

OR / अथवा

Elective – III
विकल्प – III

3. How is risk-return relationship explained by Capital Asset Pricing Model (CAPM) ? How does Arbitrage Pricing Theory (APT) overcome the shortcomings of CAPM ?
पूँजी परिसम्पत्ति मूल्य निर्धारण मॉडल (सी.ए.पी.एम) द्वारा जोखिम प्रतिफल के सम्बन्धों की किस प्रकार व्याख्या की जा सकती है ? अन्तरपणन मूल्य निर्धारण सिद्धान्त (ए.पी.टी.) किस प्रकार सी.ए.पी.एम. की कमियों को दूर करता है ?

4. Do dividends have a bearing on share valuation ? Discuss the models which assume that investment and dividend decisions are related with each other.
क्या लाभांश का शेयर मूल्य-निर्धारण पर प्रभाव पड़ता है ? उन मॉडलों की व्याख्या कीजिए जो यह मानते हैं कि निवेश और लाभांश निर्णय परस्पर सम्बन्धित हैं ।

5. What are the costs associated with inventory management ? Illustrate the use of Economic Order Quantity.

मालसूची प्रबन्धन से कौन सी लागतें सम्बन्धित हैं ? मितव्ययी आदेश मात्रा के प्रयोग को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए ।

OR / अथवा

Elective – IV

विकल्प – IV

3. Briefly explain the major Regional Trade Agreements. Are Regional Trade Agreements trade promoting or trade diverting ?

प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार अनुबन्धों को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । क्या क्षेत्रीय व्यापार अनुबन्ध व्यापार का संवर्धन करते हैं अथवा व्यापार को मार्गच्युत करते हैं ?

4. Critically examine the challenges and emerging opportunities for future global business.

भावी वैश्विक व्यापार के सम्मुख चुनौतियों और उभरते अवसरों का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

5. What is exchange rate regime ? Differentiate between fixed exchange rate regime and fully flexible exchange rate regime.

विनिमय दर शासन क्या है ? निश्चित विनिमय दर शासन और पूर्णतया लचकीला विनिमय दर शासन में क्या अन्तर है ?

SECTION – III
खंड – III

Note : This section contains **nine (9)** questions of **ten (10)** marks, each to be answered in about **fifty (50)** words. **(9 × 10 = 90 marks)**

नोट : इस खंड में **दस-दस (10-10)** अंकों के **नौ (9)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **पचास (50)** शब्दों में अपेक्षित है । **(9 × 10 = 90 अंक)**

6. Briefly explain the concepts of factor productivity, factor intensity and returns to scale under production analysis.
उत्पादकता विश्लेषण के अधीन उत्पादकता, तीव्रता और पैमाने की परिलब्धि के कारकों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

7. What is 'Organisational Behaviour' ? Discuss its significance.
'संगठनात्मक व्यवहार' क्या है ? इसके महत्त्व की विवेचना कीजिए ।

8. What is Job Analysis ? Discuss its methods.
कार्य-विश्लेषण क्या है ? इसकी पद्धतियों की विवेचना कीजिए ।

9. Describe the strategies to be adopted to expedite the recovery of receivables.
प्राप्तियों की वसूली के शीघ्र निबटान के लिए प्रयोग होने वाली रणनीतियों का वर्णन कीजिए ।

10. Distinguish between Marketing Information System and Marketing Research.
विपणन सूचना प्रणाली और विपणन अनुसन्धान के बीच के अन्तर को स्पष्ट कीजिए ।

11. What are the objectives of Production Management ? Discuss the 5 P's of Production Management.
उत्पादन प्रबन्धन के उद्देश्य क्या हैं ? उत्पादन प्रबन्धन के पाँच पी की विवेचना कीजिए ।

12. The weekly wages of 2000 workers in a factory is normally distributed with a mean of Rs. 200 and a standard deviation of Rs. 20. Estimate the lowest weekly wages of the 200 highest paid workers and the highest weekly wages of 200 lowest paid workers. [Given Φ (1.28) = 0.90].
एक कारखाने में 2000 श्रमिकों को उनका साप्ताहिक वेतन सामान्यतया 200 रुपये के माध्य और 20 रुपये के मानक विचलन में बाँटा जाता है । 200 उच्चतम वेतन वाले श्रमिकों में से न्यूनतम साप्ताहिक वेतन पाने वालों का पता कीजिए और 200 न्यूनतम वेतन वाले श्रमिकों में से अधिकतम साप्ताहिक वेतन पाने वालों का पता कीजिए ।
[प्रदत्त Φ (1.28) = 0.90]

13. Discuss the steps involved in the selection of best strategy.
सर्वोत्तम चयन रणनीति में आने वाले पदों की चर्चा कीजिए ।

14. Examine the concept of corporate governance. Give the examples of corporate misgovernance.
कार्पोरेट प्रबन्ध की अवधारणा का मूल्यांकन कीजिए । कार्पोरेट कुप्रबन्ध के उदाहरण दीजिए ।

SECTION – IV
खंड – IV

This section contains **five (5)** questions of **five (5)** marks each based on the following passage. Each question should be answered in about **thirty (30)** words. **(5 × 5 = 25 marks)**

इस खंड में निम्नलिखित परिच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है । **(5 × 5 = 25 अंक)**

There were a series of studies conducted near Chicago at Western Electric's Hawthorne Plant between 1927 and 1932. The research originally sponsored by General Electric was conducted by Elton Mayo and his associates. Mayo was a faculty member and a consultant at Harvard. The first study involved manipulating illumination for one group of workers and comparing their subsequent productivity with the productivity of another group whose illumination was not changed. Surprisingly, when illumination was increased for the experimental group, productivity went up in both groups. Productivity continued to increase in both groups, even when the lighting for the experimental group was decreased. Not until the lighting was reduced to the level of moonlight did productivity begin to decline (and General Electric withdrew its sponsorship).

Another experiment was established a piece work incentive pay plan for a group of nine men assembling terminal banks for telephone exchanges. Scientific management would have predicted that each man would try to maximize his pay by producing as many units as possible. Mayo and his associates, however, found that the group itself informally established an acceptable level of output for its members. Workers who overproduced were branded "rate busters" and underproducers were labelled "chislers". To be accepted by the group

workers produced at the accepted level. As they approached this acceptable level of output, workers slacked off to avoid overproducting.

Other studies, including an interview program involving several thousand workers led Mayo and his associates to conclude that human behaviour was much more important in the workplace than had been previously believed. In the lighting experiment, the results were attributed to the fact that both groups received special attention and sympathetic supervision for perhaps the first time. The incentive pay plans did not work because wage incentives were less important to the individual workers than was social acceptance in determining output. In short, individual and social processes played a major role in shaping worker attitudes and behaviour.

Researchers monitored how productivity changed as a result of changes in working conditions. The Hawthorne studies and subsequent experiments lead scientists to the conclusion that the human element is very important in the workplace.

शिकागो के निकट वेस्टर्न इलेक्ट्रिक हॉथोर्न प्लांट में 1927 और 1932 में कई अध्ययन किये गये । इस अनुसंधान, जो जनरल इलेक्ट्रिक द्वारा प्रायोजित था, को एल्टन मायो और उसके सहयोगियों द्वारा किया गया था । मायो हारवर्ड विश्व विद्यालय में प्रोफेसर एवं परामर्शदाता थे । प्रथम अध्ययन में श्रमिकों के एक समूह के लिए प्रकाश का प्रबन्ध करना शामिल था । और फिर उस समूह की उत्पादकता की तुलना उस समूह के श्रमिकों से की गई जिनके लिए प्रकाश में कोई अन्तर न किया गया था । यह विस्मयकारी है कि जब प्रयोगाधीन समूह के लिए प्रकाश को बढ़ाया गया तो दोनों समूहों की उत्पादकता में वृद्धि हुई । दोनों समूहों की उत्पादकता में निरन्तर वृद्धि होती रही, तब भी जब प्रयोगाधीन समूह के प्रकाश को कम कर दिया गया था । जब तक प्रकाश को चाँदनी की रोशनी के स्तर तक नहीं घटाया गया तब उत्पादकता कम होना प्रारम्भ हुई (और जनरल इलेक्ट्रिक ने अपनी प्रायोजकता वापस ले ली) ।

एक अन्य प्रयोग किया गया, जिसके अन्तर्गत कार्य-प्रेरणा पे प्लान को नौ व्यक्तियों, जो टेलिफोन एक्सचेंजों के 'टर्मिनल बैंकों' को जोड़ते थे, के लिए किया गया । वैज्ञानिक प्रबन्धन ने यह भविष्यवाणी की होती कि प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक यूनिटों का उत्पादन करके अपने वेतन में अधिकतम वृद्धि करना चाहेगा । मगर मायो और उसके सहयोगियों ने पाया कि इस समूह ने अपने सदस्यों के लिए अनौपचारिक रूप से उत्पादन का स्तर निर्धारित कर लिया । उन श्रमिकों, जिन्होंने उससे अधिक उत्पादन किया, को "श्रेणी भंगकर्ता" का नाम दिया गया और उन व्यक्तियों को "धोखेबाज़" जिन्होंने उस स्वीकार्य उत्पादन स्तर से कम का उत्पादन किया । समूह में स्वीकृति प्राप्त करने के लिए इस समूह ने स्वीकार्य स्तर के अनुरूप ही उत्पादन किया । ज्यों ही ये व्यक्ति स्वीकार्य स्तर के नजदीक पहुँचते तभी वे ढीले पड़ जाते ताकि अधिक उत्पादन न हो जाए ।

अन्य अध्ययन, जिसमें कई हज़ार श्रमिकों के साक्षात्कार का कार्यक्रम शामिल था, जिसने मायो और उसके सहयोगियों को इस निर्णय पर पहुँचाया कि कार्य स्थल पर मानव व्यवहार कई अधिक महत्त्वपूर्ण है, जैसा कि इससे पूर्व नहीं समझा जाता था । प्रकाश-प्रयोग में परिणामों को इस तथ्य से जोड़ा गया कि शायद पहली बार दोनों ही समूहों की ओर विशेष ध्यान दिया गया था और उनका सहानुभूतिपूर्वक पर्यवेक्षण किया गया । 'कार्य-प्रेरणा पे प्लान' नहीं चला, क्योंकि वेतन-प्रोत्साहन सामाजिक मान्यता की अपेक्षा उत्पादकता निर्धारण में कम महत्त्वपूर्ण है । संक्षेप में, वैयक्तिक एवं सामाजिक प्रक्रियाएँ श्रमिक के दृष्टिकोण और व्यवहार को बनाने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं ।

अनुसंधानकर्ताओं का यह अनुभव है कि कार्य-अवस्थाओं में परिवर्तन से उत्पादकता में कितना परिवर्तन आता हैं । हॉथोर्न अध्ययन और उसके पश्चात् के प्रयोगों से वैज्ञानिक इस निष्कर्ष पर पहुँचे हैं कि कार्य स्थल पर मानवीय तत्त्व बहुत महत्त्वपूर्ण हैं ।

15. Explain the contributions of Elton Mayo in the area of Management.

प्रबन्धन के क्षेत्र में एल्टन मायो की देन की व्याख्या करें ।

16. How can productivity be increased according to Mayo's experiment ?
मायो के प्रयोग के अनुसार उत्पादकता कैसे बढ़ायी जा सकती है ?

17. Where and under what conditions did Elton Mayo conduct his experiments ?
एल्टन मायो ने अपने प्रयोग कहाँ और किन परिस्थितियों के अन्तर्गत किये ?

18. What is the experiment regarding Work Incentive Pay Plan ?
'कार्य-प्रेरणा पे प्लान' से सम्बन्धित प्रयोग क्या है ?

19. Who are called 'rate busters' and 'Chislers' ?
'श्रेणी माँगकर्ता' और 'धोखेबाज' किन्हें कहा जाता था ?

FOR OFFICE USE ONLY	
Marks Obtained	
Question Number	Marks Obtained
1	
2	
3	
4	
5	
6	
7	
8	
9	
10	
11	
12	
13	
14	
15	
16	
17	
18	
19	
20	
21	
22	
23	
24	
25	
26	

Total Marks Obtained (in words) ....

(in figures) ....

Signature & Name of the Coordinator ....

(Evaluation) Date ....